## आकाशवाणी शिमला
## 29.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है देश।
- केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने केलंग में करीब 27 करोड़ रूपए से बनने वाली अत्याधुनिक मल निकासी योजना का किया शिलान्यास।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से नशे के खात्मे के लिए सक्रिय योगदान का किया आह्वान।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी– अगले 24 घंटों में अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......................

***डिस्पैच***– *मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट का उल्लेष्ख किया जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की लगभग 95 करोड़ जनता सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा रही है।*

*आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जन–भागीदारी से बड़े से बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।*

*प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की उस रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रैकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इसके उन्मूलन में स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन से भी काफी मदद मिली है।*

*नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस महीने की 21 तारीख को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं।*

*प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की चर्चा भी की और कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश में अब तक करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं।*

*रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।*

**किरेन रिजिजू**

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामले और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने 4 दिवसीय हिमाचल दौरे के दौरान प्रदेश को करोड़ों रूपए की सौगात दी। दौरे के अंतिम दिन आज उन्होंने केलंग में प्रधानमंत्री जन कल्याण कार्यक्रम के तहत लगभग 27 करोड़ रूपए से बनने वाली मल निकासी योजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के अंतर्गत केलंग में आधुनिक मल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी। किरेन रिजिजू ने कहा कि मल निकासी योजना के निर्माण से केलंग में जन स्वास्थ्य की स्थिति में उल्लेखनीय

सुधार आएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बौद्ध मठों और प्राचीन गोम्पाओं का जीर्णोद्धार बौद्ध विकास योजना के तहत किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

**मैराथन**

प्रदेश पुलिस ने आज शिमला में ''नशे को मात–देंगे एक साथ'' थीम पर आधारित 12वीं हॉफ मैराथन का आयोजन किया। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने दौड़ में भाग लिया और समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मैराथन को हरी झण्डी दिखाई और लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। हाफ मैराथन का आयोजन चार वर्गों में किया गया। इसमें हाफ मैराथन दौड़ साढ़े 21 किलोमीटर, मिनी मैराथन 10 किलोमीटर, ड्रीम मैराथन 3 किलोमीटर और दिव्यांगों के लिए भी दौड़ का आयोजन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि हिमाचल से जल्द ही नशे का पूरी तरह खात्मा होगा।

***युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे ये तो ठीक है। दिब्यांग भी आकर के आज इस कार्यक्रम में अपने को सम्मिलत किये हैं। प्रकृति अपना काम कर रही है और हिमाचल के लोग पुलिस के साथ नशा मुक्त करने के लिए यह दौड लगा रहे हैं। हॉफ मैराथन का जो है, मुझे यह लगता है कि ये उत्साह हिमाचल प्रदेश से नशा को पूरी तौर पर खत्म करेगा और इसके लिए मै हिमाचल वासियों को पुलिस के लोगों को, प्रशासन को, अपना साधुवाद देता हूं, और मै यह जानता हूं कि ये उत्साह समय ले सकता है लेकिन हिमाचल नशा मुक्त करके ही रहेगा। प्रकृति अपना काम कर रही है और हिमाचल के लोग पुलिस के साथ नशा मुक्त करने के लिए यह दौड लगा रहे हैं।***

बाद में, मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के विरूद्ध जल्द ही एक अभियान शुरू करेगी।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है और राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों से भारी वर्षा हो रही है। इस वर्षा से अनेक स्थानों पर भूस्खलन, पेड़ गिरने और सड़कें अवरूद्ध होने की घटनाएं हुई हैं। सोलन ज़िले में शिमला–चड़ीगढ़ राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर चक्की मोड़ के पास मलबा गिरने से लगभग दो घंटे वाहनों की आवाजाही बंद रही। विश्व धरोहर कालका–शिमला रेलवे लाइन पर कोटी के समीप भारी मलबा गिरने से रेल यातायात बाधित रहा। भारी वर्षा से सभी प्रमुख नदी–नालों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में भूस्खलन से एक सौ 29 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। मौसम विभाग ने आज सोलन, सिरमौर, कांगड़ा और मण्डी ज़िले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का रैड अलर्ट जारी किया है जबकि कल अनेक ज़िलों के लिए भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल के बौली में 12 लाख रूपए से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पिछले अढ़ाई वर्ष के दौरान क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं और बढ़ाल पंचायत में 7 सड़कों की सफल पासिंग हुई है।